तूने अजब रचा भगवान भाग्य इस नारी का भजन लिरिक्स

तूने अजब रचा भगवान,
भाग्य इस नारी का,
नारी का इस नारी का,
तुने अजब रचा भगवान,
भाग्य इस नारी का।bd।

बेटी बनके घर में आई,
मात पिता ने कर दी पराई,
तूने कैसा दिया अभिशाप,
भाग्य इस नारी का,
तुने अजब रचा भगवान,
भाग्य इस नारी का।bd।

लक्ष्मी बन ससुराल में आई,
दान दहेज भी साथ में लाई,
बदले मे मिला अपमान,
भाग्य इस नारी का,
तुने अजब रचा भगवान,
भाग्य इस नारी का।bd।

मायका बोले बेटी परायी,
सासरिये बोले पराये घर ते आई,
घर कौन सा बेटी का,
भाग्य इस नारी का,
तुने अजब रचा भगवान,
भाग्य इस नारी का।bd।

सास ससुर की पूजा कीनि,
घर परिवार की सेवा किनी,
कलयुग की पडी है मार,
भाग्य इस नारी का,
Bhajan Diary Lyrics,
तुने अजब रचा भगवान,
भाग्य इस नारी का।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

तूने अजब रचा भगवान,
भाग्य इस नारी का,
नारी का इस नारी का,
तुने अजब रचा भगवान,
भाग्य इस नारी का।bd।

स्वर – रेखा गर्ग।
प्रेषक – मुदित शर्मा।
6261322133

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com